# समाचार

## स्वावलंबन हेतु रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का महत्वपूर्ण स्थान–महापौर

### (निःशुल्क रोजगार आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने)

कोरबा 07 जुलाई 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा कि युवाओं के स्वावलंबन तथा उनके रोजगार प्राप्ति हेतु रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यमों से युवाओं को विभिन्न विधाओं में पारंगत होने के अवसर प्राप्त होते है तथा उनके रोजगार व स्वावलंबन के मार्ग प्रशस्त होते हैं।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने निःशुल्क रोजगार आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर व्यक्त किये। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के प्रायोजकत्व में डी.डी.एम. स्कूल रोड कोरबा स्थित कौशिल्या निवास में युवाओं को पूर्णतः निःशुल्क रोजगार आधारित प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान की तथा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस मौके पर अपने उदबोधन में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी पूरी सजगता एवं तत्परता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विधाओं में दिये जा रहे प्रशिक्षण को ध्यान से ग्रहण करें। उन्होने कहा कि प्रशिक्षणार्थी जितनी लगन के साथ प्रशिक्षण को ग्रहण करेंगे , उन्हें उतना ही ज्यादा इन विषयों पर ज्ञान प्राप्त होगा, जो उनके रोजगार एवं स्वावलंबन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान एवं समाजसेवी मंगल बुधिया ने भी संबोधित किया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए, उन्हें पूरी लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा। इस मौके पर प्रशिक्षण के आयोजक ने बताया कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ग्रामीण युवक–युवतियों को कम्प्यूटर शिक्षा, रिटेल मेनेजमेंट, आटोमोबाईल्स रिपेरिंग तथा सेल्स मेनेजमेंट आदि विषयों पर निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, साथ ही प्रशिक्षणार्थियों के लिए निःशुल्क आवास, भोजन एवं निःशुल्क कापी, पुस्तक, यूनिफार्म, टेबलेट, आदि प्रदान किया जाता है, प्रशिक्षण की अवधि 03 माह की है तथा 18 से 35 वर्ष उम्र के पांचवीं, आठवीं, पास या बारहवीं फेल अथवा पास युवक–युवती इस प्रशिक्षण हेतु पात्र हैं।

<u>पर्यावरण सप्ताह महोत्सव रैली को रवाना किया</u>– इस मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं द्वारा पर्यावरण सप्ताह महोत्सव रैली निकाली गई। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान परिसर में वृक्षारोपण का आयोजन रखा गया था, महापौर श्रीमती अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों ने परिसर में पौधों का रोपण किया।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेविका मंगल बुधिया, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, क्लस्टर मैनेजर हेमंत पालीवाल, केन्द्र प्रबंधक प्रियंक सोनी, प्रशिक्षक अमर स्वर्णकार, सुरेन्द्र कुर्रे, कविता विश्वकर्मा, शिव कुमार, मनीषा साहू आदि के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थी तथा अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)